B.Com./B.Sc..B.Com.(Hons.) (Part I) EXAMINATION, 2016

GENERAL HINDI

(सामान्य हिंदी)

(Compulsory Paper)

Time Allowed : Two Hours **Maximum Marks : 100**

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। ओ.एम.आर. शीट पर निर्देश पढ़कर सही उत्तर (A/B/C/D) अंकित करने के लिए संबंधित वृत्त को एच.बी. पेन्सिल से काला कीजिये।

1. 'नर हो न निराश करो मन को' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?
   (A) भाग्यवाद का (B) कर्मनिष्ठता का
   (C) ईश्वरवाद का (D) मौज-मस्ती का
2. 'जन हो तुम भी जगदीश्वर के' में जगदीश्वर शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
   (A) मनु (B) माता-पिता (C) ईश्वर (D) संसार
3. 'हिमालय के आँगन में' कविता के रचियता कौन हैं?
   (A) सुमित्रानन्दन पंत (B) जयशंकर प्रसाद
   (C) रामधारीसिंह 'दिनकर' (D) मैथिलीशरण गुप्त
4. 'एक निर्वासित का उत्साह' में निर्वासित किसे कहा गया है?
   (A) गौतम बुद्ध (B) महावीर (C) कृष्ण (D) राम
5. 'सवा सवा लाख पर एक को चढ़ाऊँगा' किसने कहा?
   (A) गुरु गोविन्द सिंह (B) छत्रपति शिवाजी
   (C) राणा साँगा (D) महाराणा प्रताप
6. 'दिल्ली' कविता में किसके शासनकाल का वर्णन है?
   (A) प्राचीनकाल (B) मुगलकाल
   (C) अंग्रेजी शासनकाल (D) पौराणिक काल
7. 'यह अलका-छवि कौन भला देखेगा' में अलका छवि के समान किसे बताया गया है?
   (A) आगरा (B) कलकत्ता (C) लखनऊ (D) दिल्ली
8. 'राजहंस बलिदान चढ़ाते माँ के हुंकारों पर' पंक्ति में राजहंस कौन हैं?
   (A) नवयुवक (B) राजा (C) वीर (D) अंग्रेज
9. 'हम अनिकेतन' कविता के रचनाकार कौन है?
   (A) रघुवीर सहाय (B) सुमित्रानन्दन पंत
   (C) नागार्जुन (D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
10. 'सिंहासन हिल उठे, राज[illegible] किसका सिंहासन हिलने की बात कही गई है?
    (A) मराठों का (B) मुगलों का (C) अंग्रेजों का (D) सामंतों का
11. 'कानपुर के नाना की मुँह बोली बहन छबीली थी।' 'छबीली' किसे कहा गया है?
    (A) दिल्ली को (B) लक्ष्मीबाई को
    (C) लखनऊ को (D) सुभद्रा कुमारी चौहान को
12. 'गीत फरोश' कविता की शैली कौन-सी है?
    (A) ओजस्वी (B) व्यंग्यात्मक (C) व्यावसायिक (D) सामाजिक
13. 'जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको' पंक्ति में कवि को किस कार्य में शर्म आ रही है?
    (A) पैसा कमाने में (B) गीत बेचने में
    (C) गीत गाने में (D) गीत लिखने में
14. 'बादल को घिरते देखा है' में कवि ने कहाँ का वर्णन किया है?
    (A) कश्मीर का (B) नीलगिरि का (C) हिमालय का (D) उत्तरांचल का
15. दुर्गम बर्फानी घाटी में कवि ने किसको स्वयं पर चिढ़ते देखा है?
    (A) हंसों को (B) किन्नर-किन्नरियों को
    (C) कस्तूरी मृग को (D) चकवा-चकई को
16. 'बादल को घिरते देखा है' कविता में कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है?
    (A) गर्मी (B) सर्दी (C) पावस (D) बसन्त
17. 'भटका मेघ' कविता में मेघ कौनसा पथ भूल गया है?
    (A) उज्जैन का (B) इन्दौर का (C) स्वर्ग का (D) अलकापुरी का
18. 'आज जीत की रात' में कौनसी रात का वर्णन है?
    (A) 15 अगस्त 1947 का (B) 26 जनवरी 1950
    (C) 2 अक्टूबर का (D) 14 नवम्बर का
19. 'शत्रु हट गया, लेकिन उसकी छायाओं का डर है' में शत्रु कौन है?
    (A) रूढ़ियाँ (B) सामंतवाद (C) द्वेष भावना (D) विदेशी शासक
20. 'शहीद की माँ' कविता की शैली है?
    (A) ओज (B) व्यंग्यात्मक (C) प्रसाद (D) व्यास
21. 'नीची संगीनें क्या हैं?' संगीनें का अर्थ है:
    (A) तोप (B) तलवार (C) बंदूकें (D) धनुष
22. 'शहीद की माँ' कविता के रचियता कौन हैं?
    (A) सुभद्रा कुमारी (B) रघुराज सिंह हाड़ा
    (C) सूर्यमल्ल मिश्रण (D) मैथिलीशरण गुप्त
23. माता वीरों का अभिनन्दन करना किसे सिखाना चाहती है?
    (A) शत्रुओं को (B) प्रशासकों को (C) देशवासियों को (D) वीरों को
24. ओज शैली में किस कवि ने काव्य लिखा?
    (A) जयशंकर प्रसाद (B) मैथिलीशरण गुप्त
    (C) महादेवी वर्मा (D) रामधारीसिंह दिनकर
25. 'हिमालय के आँगन में' कविता किस रचना से ली गई है?
    (A) कामायनी (B) ध्रुवस्वामिनी (C) स्कन्दगुप्त (D) चन्द्रगुप्त

गद्य-भाग

26. मनुष्य के नाखून उसकी किस प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं?
    (A) सौन्दर्यवादी (B) पाशविक प्रवृत्ति
    (C) अहिंसावादी (D) शांतिप्रियता

UOKonline.com

27. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबन्ध के लेखक हैं:
(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारी प्रसाद द्विवदा
(C) प्रेमचन्द (D) राजेन्द्र प्रसाद

28. 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल के किस निबन्ध संग्रह से लिया गया है?
(A) भारत की एकता (B) मातृभूमि
(C) पृथ्वीपुत्र (D) कल्पवृक्ष

29. राष्ट्र के स्वरूप के लिए किस तत्व की आवश्यकता है?
(A) भूमि (B) जनसमूह (C) संस्कृति (D) समस्त

30. 'गेहूँ बनाम गुलाब' निबन्ध के रचनाकार हैं:
(A) प्रेमचन्द (B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

31. गेहूँ और गुलाब क्रमश: किसके प्रतीक हैं? UOKonline.com
(A) भूख और विलास (B) सुख और दुःख
(C) आनन्द और उल्लास (D) गरीबी और अमीरी

32. 'गेहूँ और गुलाब' की रचना-शैली है:
(A) आलोचनात्मक (B) प्रतीकात्मक
(C) गीतात्मक (D) बिम्बात्मक

33. 'भवानीशंकरौ वन्दे' निबन्ध में लेखक ने भारतीय संस्कृति का आधार किसे बताया है?
(A) धर्म व नैतिकता (B) श्रद्धा और विश्वास
(C) इच्छाशक्ति (D) ज्ञान व कर्म

34. 'बड़े घर की बेटी' कहानी के रचियता कौन हैं?
(A) प्रेमचन्द (B) जयशंकर प्रसाद
(C) मन्नू भंडारी (D) मोहन राकेश

35. 'बड़े घर की बेटी' कहानी का मुख्य पात्र कौन है?
(A) लालबिहारी (B) श्रीकंठ (C) आनंदी (D) बेनीमाधव

36. ''अब इस घर में मेरा निर्वाह न होगा'' कथन किस पात्र का है?
(A) आनंदी (B) श्रीकंठ (C) लालबिहारी (D) बेनीमाधव

37. 'गाँधीजी से भेंट' गद्य की किस विधा की रचना है?
(A) रेखाचित्र (B) आत्मकथा (C) संस्मरण (D) जीवनी

38. 'गाँधीजी से भेंट' के लेखक हैं:
(A) महात्मा गाँधी (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) बाबू राजेन्द्र प्रसाद (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

39. राजेन्द्र बाबू की गाँधीजी से भेंट किस आंदोलन के समय हुई?
(A) नमक तोड़ो (B) डांडी यात्रा
(C) चम्पारन आंदोलन (D) भारत छोड़ो आंदोलन

40. 'महाराजपुर से ग्वारीघाट' में अमृतलाल बेगड़ ने किस नदी को सौन्दर्य की नदी कहा है?
(A) गंगा (B) सरस्वती (C) नर्मदा (D) कावेरी

41. 'महाराजपुर से ग्वारीघाट' निबन्ध की साहित्यिक विधा है:
(A) डायरी (B) रिपोर्ताज (C) संस्मरण (D) यात्रावृत्त

42. ''याद आया, कभी यहाँ एक स्त्री रहती थी।'' लेखक ने पायली गाँव में रहने वाली किस स्त्री की ओर इशारा किया है?
(A) सीता (B) शबरी (C) राधा (D) उर्मिला

43. 'भक्तिन' संस्मरण किसके द्वारा लिखा गया?
(A) प्रेमचन्द (B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) महादेवी वर्मा (D) सभद्रा कुमारी चौहान

44. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?
(A) कमला (B) भक्ति (C) लक्ष्मी (D) शांति

45. भक्तिक का लेखिका के साथ कैसा संबंध था?
(A) मित्रवत् (B) स्वामी-सेवक का
(C) स्वार्थ का (D) धन का

46. 'हिंदी हमारी मातृ-भाषा है' निबन्ध की शैली है:
(A) व्यंग्यात्मक (B) प्रतीकात्मक (C) बिम्बात्मक (D) काव्यात्मक

47. निबन्ध में लेखक जिस शब्द को शुद्ध करवाना चाहता है, वह है:
(A) जन-सम्पर्क अधिकारी (B) नगर निगम
(C) कीर्तिनगर (D) संघर्ष

48. 'अदम्य जीवन' रिपोर्ताज में किस प्रान्त की यात्रा का वर्णन लेखक ने किया है?
(A) महाराष्ट्र (B) बंगाल (C) उड़ीसा (D) बिहार

49. 'उत्सर्ग' के रचनाकार है?
(A) प्रेमचन्द (B) रामकुमार वर्मा (C) महादेवी वर्मा (D) मैथिलीशरण गुप्त

50. चम्पारन में गाँधीजी समस्या हल करना चाहते थे:
(A) अध्यापकों की (B) किसानों की
(C) नेताओं की (D) बेरोजगारों की

व्याकरण-भाग

51. षट् + आनन शब्द की संधि करने पर शब्द होगा:
(A) षटनन (B) षडानन (C) षटानन (D) षटडानन

52. मनोरंजन का संधि विच्छेद होगा:

(A) मन: + रंजन (B) मनो + रंजन
(C) मन + आरंजन (D) मन + ओरंजन

53. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द व्यंजन संधि का है?
(A) जगदीश (B) शयन (C) यशोधरा (D) नमस्कार

54. 'यथासमय' में कौनसा समास है? UOKonline.com
(A) तत्पुरुष समास (B) अव्ययीभाव समास
(C) कर्मधारय समास (D) द्वन्द्व समास

55. 'गुरुदक्षिणा' में कौनसा समास है?
(A) तत्पुरुष समास (B) द्वन्द्व समास
(C) बहुव्रीहि समास (D) द्विगु समास

56. मालगाड़ी का समास विग्रह होगा :
(A) माल की गाड़ी (B) माल के लिए गाड़ी
(C) माल और गाड़ी (D) माल को ढोने वाली गाड़ी

57. किस शब्द में 'अति' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?
(A) अत्यावश्यक (B) अत्यल्प
(C) अतीत (D) अतिरिक्त

58. 'अनुपस्थित' में कौनसा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है?
(A) अन (B) अनु (C) अन् (D) अनुप

59. सम् + न्यास के योग से नया शब्द बनेगा:
(A) सम्न्यास (B) सन्यास (C) संन्यास (D) सन्यासी

60. 'बिटिया' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?
(A) या (B) ईया (C) इया (D) टिया

61. पारिभाषिक शब्द CHAIRMAN का हिंदी अर्थ है:
(A) अध्यक्ष (B) संपादक (C) अधिकारी (D) प्रबंधक

62. REPORT का हिंदी अर्थ होगा :
(A) सूचना (B) प्रतिवेदन (C) समीक्षा (D) अभिलेख

63. 'योगी' का विलोम होगा:
(A) जोगी (B) रोगी (C) भोगी (D) गृहस्थ

64. 'ज्ञानी' का विलोम होगा:
(A) अज्ञानी (B) विज्ञानी (C) अज्ञेय (D) संज्ञानी

65. 'सूर्य' का पर्यायवाची है:
(A) सुरेश (B) महेश (C) दिनेश (D) नरेश

66. 'धरती' का पर्यायवाची है:
(A) शैलजा (B) वसुन्धरा (C) भारती (D) तटिनी

67. 'उपवन' का पर्यायवाची शब्द कौनसा अनुपयुक्त है?
(A) बाग (B) वाटिका (C) कानन (D) उद्यान

68. वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द शुद्ध है?
(A) एतिहासिक (B) दर्पण (C) बसन्त (D) बासुदेव

69. कौनसा शब्द शुद्ध है?
(A) दवाईयाँ (B) त्योहार (C) मिठायी (D) अन्ताक्षरी

70. वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए–
(A) वह दर्शन देने आया था
(B) तुम्हारी तो अक्ल मर गई है
(C) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ
(D) सारे फल हाथों–हाथ बिक गए

वाक्यांश चुनिए (प्र. क्र. 71 से 74)–

71. जिसका कोई शत्रु न हो :
(A) अजेय (B) शत्रुरहित (C) अजातशत्रु (D) अमर

72. वर्षा न होना :
(A) अनावृष्टि (B) अल्पवृष्टि (C) अतिवृष्टि (D) सूक्ष्मवृष्टि

73. ओखली में सिर देना :
(A) शक्तिशाली होना (B) मूर्खता करना
(C) जानबूझकर मुसीबत लेना (D) पीछे पड़ना

74. काठ का उल्लू :
(A) शक्तिशाली (B) अत्यन्त मूर्ख (C) दिखावापसंद (D) निकम्मा

75. 'कंगाली में आटा गीला' लोकोक्ति का अर्थ है :
(A) भाग्य की विचित्रता (B) कंजूसी करना
(C) मुसीबत में और मुसीबत आना (D) चालाकी करना

76. 'तेली का तेल जले मसालची का दिल जले' लोकोक्ति का अर्थ है:
(A) ओछा व्यक्ति सदा दिखावा करता है
(B) दोनों एक समान दुष्ट प्रवृत्ति के
(C) एक को खर्च करता देखकर दूसरा परेशान
(D) अपराधी व्यक्ति संशकित रहता है

अनेकार्थी शब्दों का चयन कीजिए (प्र. क्र. 77 तथा 78)–

77. कुंजर :
(A) घोड़ा (B) बागवा (C) हाथी (D) पक्षी

78. चपला :
(A) सरस्वती (B) लक्ष्मी (C) गंगा (D) धरती

79. 'नाग' शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है?
(A) पर्वत (B) सर्प (C) हाथी (D) स्वर्ग

शब्द-युग्म का अर्थ है (प्र. क्र. 80 तथा 81):

80. अचल-अचला :
(A) धरती-पहाड़ (B) पहाड़-धरती
(C) जड़-चेतन (D) चर-अचर

81. कपट-कपाट :
(A) पाप-गुलाब (B) छल-द्वार (C) द्वार-नदी (D) नदी-किनारा

तत्सम शब्द का चयन कीजिए (प्र. क्र. 82 से 84):

82. (A) आम (B) काजल (C) दीया (D) दुर्बल
83. (A) सीख (B) आँख (C) कुआँ (D) नव
84. (A) पीठ (B) सौभाग्य (C) खेत (D) सपूत

तद्भव शब्द का चयन कीजिए (प्र. क्र. 85 से 87):

85. (A) नृत्य (B) कोख (C) कर्म (D) अम्बा
86. (A) सज्जन (B) दोपहर (C) सूत्र (D) सपत्नी
87. (A) शक्कर (B) रात्रि (C) प्रिय (D) मनुष्य
88. तत्सम-तद्भव का कौनसा युग्म सही नहीं है?
(A) आश्रय-आसरा (B) वर्षा-बरखा
(C) स्नेह-प्रेम (D) नासिका-नाक
89. विदेशी शब्द है :
(A) सिनेमा (B) पगड़ी (C) खिड़की (D) वर्षा
90. दो भिन्न भाषाओं से मिलकर बना शब्द है:
(A) गोदान (B) आलपिन (C) टिकटघर (D) टेलीफोन
91. 'भड़भड़ाना' शब्द का प्रकार है :
(A) तत्सम (B) तद्भव (C) देशज (D) विदेशी

रेखांकित शब्द के लिए उपयुक्त शब्द का चयन करिए (प्र. क्र. 92 तथा 93)–

92. शेर बड़ा वीभत्स होता है।
(A) भयानक (B) गम्भीर (C) विशालकाय (D) सुन्दर
93. टिड्डियों की मंडली सारी फसल चट कर गई।
(A) दल (B) गण (C) संख्या (D) सेना
94. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) आज सोमवार का दिन है।
(B) नेताजी को एक फूल की माला पहनाओ।
(C) बच्चे को प्लेट में रखकर खाना दो।
(D) बुद्धि व धन में घनिष्ठ संबंध है।
95. मीन, मकर, सफरी, मत्स्य किसका पर्यायवाची है?
(A) मोती (B) शंख (C) नाव (D) मछली
96. अबला, वनिता, कामिनी, ललना किसका पर्यायवाची है?
(A) रति (B) नारी (C) लक्ष्मी (D) धरा
97. अध्यादेश, अध्ययन, अधिनायक, अधिकृत में कौनसा उपसर्ग है?
(A) अध्य (B) अधो (C) अधि (D) अध
98. 'एकदन्त' में कौनसा समास है?
(A) द्विगु (B) बहुव्रीहि (C) द्वन्द्व (D) कर्मधारय
99. इन्द्रियों को जीतने वाले को संक्षेप में क्या कहेंगे?
(A) जितेन्द्रिय (B) इन्द्रियातीत (C) इन्द्रजीत (D) इन्द्रदेवता
100. 'साकार' का विलोम है :
(A) आकार (B) निराकार (C) विकार (D) प्रकार

UOKonline.com